MANAGE Bulletin
www.manage.gov.in



राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान    अक्तूबर 2021

# मैनेज को बेस्ट डेवलपमेंट लीडरशिप अवार्ड-2021 से सम्मानित किया गया




## महानिदेशक का संदेश



मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि 21 अक्टूबर 2021 को नई दिल्ली में एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा मैनेज को बेस्ट डेवलपमेंट लीडरशिप अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया है।

मैनेज को यह अवार्ड अभिनव नीतियों/योजनाओं/कार्यक्रमों/प्रयासों के माध्यम से जनता की हित में योगदान देने; विस्तार/विकास की नवीन/उच्च-तकनीकी पद्धितयां आरंभ करने और कार्यक्रमों की प्रभावशीलता और उनके प्रभावों की निगरानी रखना; कृषि और संबद्ध विषयों के क्षेत्र में ज्ञान, भौतिक या व्यावसायिक विकास के लिए प्राप्त हुआ।

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने यह अवार्ड प्रदान किया।

मैं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और उनके अधिकारियों को मैनेज की गतिविधियों का समर्थन करने के लिए तहे दिल से धन्यवाद करता हूं। मैं मैनेज के परिवार के सदस्यों, MANAGE के सेवानिवृत्त संकाय और कर्मचारियों, सलाहकारों, कृषि उद्यमियों, NIT, DAESI सुविधाकर्ताओं, स्टार्टअप्स, आरएबीआई, पीजीडीएम (एबीएम) के छात्रों और पूर्व छात्रों, एफपीओ और एसीएबीसी, पीडीजीएईएम, पीजीडीएडब्ल्यूएम और सीएफए के उम्मीदवारों को भी धन्यवाद देता हूं। हमें लगता है कि आपकी सफलता ही मैनेज की सफलता है। आइए किसानों को बेहतरीन सेवा देने के लिए साझेदारी की इस भावना को जारी रखें। आप सभी का धन्यवाद!

डॉ. पी. चंद्रा शेखरा
महानिदेशक

## मैनेज में मनाया गया महिला किसान दिवस



मैनेज ने 15 अक्टूबर, 2021 को महिला किसान दिवस के अवसर पर 'अंडरस्टैंडिंग द जर्नी ऑफ वूमेन एग्रीप्रेन्योर' पर एक दिवसीय वेबिनार आयोजित किया। कार्यक्रम में कृषि महिलाओं, छात्रों एवं कर्मचारियों और संकाय सदस्यों सहित लगभग 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र के दौरान, डॉ. पी. चंद्र शेखर, महानिदेशक, मैनेज ने भारतीय कृषि, कृषि-व्यवसाय प्रबंधन, कृषि शिक्षा और अनुसंधान में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर चिह्नित किया। उन्होंने कहा कि बेहतर आजीविका के लिए सब्जियों, फलों, कटे हुए फूलों, जैविक खाद्य पदार्थों की खेती में सामूहिक कृषि गतिविधियों में तेजी लाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला एफपीओ को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे-जैसे कृषि शिक्षा और अनुसंधान में महिला छात्राओं की संख्या बढ़ रही है, भवीष्य में कृषि उद्यमिता में महिलाओं की बड़ी भूमिका होगी।

इस अवसर पर कृषि में महिलाओं की भूमिका, महिला सशक्तिकरण, पोषण और आय सृजन पर पोस्टरों की एक ई-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

डॉ. विनीता कुमारी, उप निदेशक (लिंग अध्ययन), मैनेज ने अपने स्वागत भाषण में महिला किसान दिवस की उत्पत्ति और महत्व का वर्णन किया।

## मैनेज ने वी वी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



मैनेज ने 7 अक्टूबर 2021 को वी वी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान (वीवीजीएनएलआई), नोएडा के साथ वर्चुअल मोड पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। डॉ. पी. चंद्र शेखर, महानिदेशक, मैनेज और डॉ. एच. श्रीनिवास, आईआरपीएस, डीजी-वीवीजीएनएलआई ने समझौता ज्ञापनों हस्ताक्षर किए और उनका आदान-प्रदान किया। समारोह में मैनेज और वीवीजीएनएलआई के संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान, दोनों संस्थानों ने अपनी चालु गतिविधियों पर प्रस्तुतीकरण दिया और कृषि श्रमिकों के लिए कृषकों, श्रम कानूनों एवं प्रवास और कृषि श्रमिकों के लिए श्रम संहिता में सहयोगी गतिविधियों के लिए क्षेत्रों को चिह्नित किया।

### इस अंक में...


- मैनेज को डेवलपमेंट लीडरशिप अवार्ड-2021 से सम्मानित किया गया।
- मैनेज में मनाया गया महिला किसान दिवस
- मैनेज ने वी वी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए
- कृषि विकास के लिए सीएसआर पर कार्यशाला
- नए नोडल अधिकारियों के लिए एसी और एबीसी योजना पर कार्यशाला
- बागवानी और मधुमक्खी पालन पर मैनेज-एमएसयू संयुक्त कार्यशाला
- मैनेज ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया
- मैनेज ने महात्मा गांधी की 152वीं जयंती मनाई

## कृषि विकास के लिए सीएसआर पर कार्यशाला

मैनेज, बिमटेक के सहयोग से 2017 से कृषि विकास के लिए सीएसआर पर वार्षिक कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। इसके एक भाग के रूप में, 2021 के दौरान, इस कार्यशाला को 26 और 27 अक्टूबर 2021 को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आयोजित किया गया, जिसमें दो विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया था अर्थात् जलवायु स्मार्ट कृषि (सीएसए) और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम) में सीएसआर की भूमिका" और "वैशिवक महामारी के दौरान कृषि और सीआर की भूमिका"। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था कृषि विकास के लिए सीएसआर निधियों का निवेश करने के लिए कॉर्पोरेट्स को संवेदनशील बनाना।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई), जीआईजेड, जैसे अनुसंधान संगठनों, नाबार्ड जैसे वित्तीय संस्थान, रिलायंस फाउंडेशन, टाटा ट्रस्ट, जेएसडब्ल्यू, आदित्य बिड़ला समूह, यूपीएल, चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड, कारगिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड, द गोट ट्रस्ट और डालमिया
भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) जैसी प्रमुख कंपनियों से लगभग 16 पैनलिस्ट ने इस कार्यशाला में भाग लिया। पैनलिस्टों ने वाटरशेड विकास, कृषि संबंधी हस्तक्षेप, पशुधन प्रबंधन, बैकयार्ड पोल्ट्री को बढ़ावा देने, मिट्टी और जल प्रबंधन, नवीन तकनीकों, एकीकृत कृषि प्रणालियों, बाजार से संबंध स्थापित करने के लिए एफपीओ का गठन और आईसीटी के माध्यम से सलाह प्रदान करने से संबंधित अपनी सीएसआर पहलों को प्रस्तुत किया।

कार्यशाला में 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्होंने वैज्ञानिकों, विस्तार अधिकारियों, विकास अधिकारियों, अनुसंधान विशेषज्ञों और सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों के अन्य अधिकारियों का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यशाला ने भाग लेने वाली कंपनियों, अनुसंधान संस्थानों, कृषि संगठनों, कृषि विभागों, पशुधन, बागवानी, गैर सरकारी संगठनों, सीएसओ, एफपीओ, और उद्यमियों को उपयुक्त विस्तार तंत्र के माध्यम से कंपनियों द्वारा अपने स्थानों पर लागू किए गए सिद्ध सीएसआर हस्तक्षेपों का अनुकरण और बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

## नए नोडल अधिकारियों के लिए एसी और एबीसी योजना पर कार्यशाला




मैनेज में नव नियुक्त नोडल अधिकारियों के लिए 30 अक्टूबर 2021 को एसी और एबीसी योजना पर एक अभिविन्यास कार्यशाला आयोजित की गई। नोडल अधिकारियों को उनके संबंधित राज्यों में इस योजना के कार्यान्वयन और इसकी निगरानी से परिचित कराना इस कार्यशाला का उद्देश्य था। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब और त्रिपुरा राज्यों के शुरु किए गए 14 नए नोडल प्रशिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारियों और प्रशिक्षण समन्वयकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

उद्घाटन भाषण में डॉ. पी. चंद्रशेखर ने इस योजना की दो दशकों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नव आरंभित एनटीआई द्वारा इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने यह चिह्नित किया कि इस योजना का मुख्य लक्ष्य केवल प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं है बल्कि उम्मीदवारों को सफल कृषि उद्यमियों के रूप स्थापित करना है, जो नौकरी पाने वालों के बजाय नौकरी देने वाले बनेंगे।

# बागवानी और मधुमक्खी पालन पर मैनेज-एमएसयू की संयुक्त कार्यशाला




मैनेज-मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (एमएसयू) ने से 12 अक्टूबर, 2021 को संयुक्त रूप से मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए में "बागवानी और वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन में पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट के माध्यम से भारत में कृषि-मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने" पर कार्यशाला आयोजित की।

डॉ अभिलक्ष लेखी, आईएएस, अतिरिक्त सचिव, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने भारत में बागवानी और मधुमक्खी पालन में कृषि मूल्य श्रृंखला पर एक विशेष भाषण दिया और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए मुख्य राष्ट्रीय स्तर के नीतिगत सुधारों को भी चिह्नित किया। इस कार्यशाला में एमएसयू में वरिष्ठ संकायों, शोधकर्ताओं, छात्रों, वृत्तिकों के साथ-साथ भारत से मैनेज के संकाय सदस्यों और अधिकारियों ने वर्चुअल मोड के माध्यम से भाग लिया।

कार्यक्रम के एक भाग के रूप में डॉ. अभिलक्ष लेखी ने एमएसयू-एक्सटेंशन साइटों का भी दौरा किया है और मैनेज-एमएसयू साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए एमएसयू-ई लीडरशिप के साथ संवादात्मक बैठकें भी की।

# मैनेज ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

मैनेज ने 26 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया, जिसका विषय 'स्वतंत्र भारत @ 75: अखंडता के साथ आत्मनिर्भरता' था। संकायों, कर्मचारियों, छात्रों और अनुसंधान कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ ली गई। कर्मचारियों और छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता जैसे कुछ कार्यक्रम आयोजित किए गए। सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह के एक भाग के रूप में, श्री अन्ना हजारे, भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता ने मैनेज के कर्मचारियों और इसके सभी हितधारकों को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित किया।






# मैनेज ने महात्मा गांधी की 152वीं जयंती मनाई



मैनेज ने 2 अक्टूबर 2021 को अपने परिसर में महात्मा गांधी की 152वीं जयंती को पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मनाया, जिसे अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

इस अवसर पर मैनेज के संकायों, कर्मचारियों और पीजीडीएम (एबीएम) के छात्रों ने परिसर में "मैं और मेरा पौधा" की एक महान अवधारणा के साथ पेड़ लगाए।












मैनेज बुलेटिन का प्रकाशक
डॉ. पी. चंद्रा शेखरा, महानिदेशक
राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज)
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन
राजेंद्रनगर, हैदराबाद -500 030, दूरभाष: 040-24594509,

मुख्य संपादक :
डॉ. पी. चंद्रा शेखरा
महानिदेशक, मैनेज

संपादक
डॉ. श्रीनिवासाचार्युलु
एसोसिएट एडिटर
डॉ. के. श्रीवल्ली